कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मिर्जापुर।

पत्र संख्या– 1930 /33-1 दिनांक, मिर्जापुर, फरवरी, 23 2023

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मिर्जापुर।

विषयः– जनपद मिर्जापुर में कैमूर वन्य जीव प्रभाग के हलिया रेंज अन्तर्गत वन भूमि से आच्छादित सम्पर्क मार्गो के निर्माण हेतु आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग की अनुमति हेतु प्रस्ताव सं0–एफ0पी0/यू0पी0/रोड/150065/2021 के सम्बन्ध में।

संदर्भः– 1–इस कार्यालय का पत्रांक 2357/33–1 दिनांक 30–04–2022 एवं 1410/33–1 दिनांक 26–12–2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्रों का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद मिर्जापुर में कैमूर वन्य जीव प्रभाग के हलिया रेंज अन्तर्गत वन भूमि से आच्छादित सम्पर्क मार्गो के निर्माण हेतु आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग की अनुमति हेतु प्रभागीय वनाधिकारी, मिर्जापुर वन प्रभाग, मिर्जापुर से निम्नलिखित वांछित अभिलेख प्राप्त कर प्रस्ताव के साथ सलंग्नकर उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थीः–

1– गैर वन भूमि का क्षतिपूरक वनीकरण हेतु उपयुक्तता प्रमाण पत्र (लैण्ड सूटेबिलिटी सर्टिफिकेट)।

2– क्षतिपूरक वनीकरण हेतु प्रस्तावित गैर वन भूमि का 1:50000 माप का सर्वे आफ इण्डिया का रंगीन हस्ताक्षरित टोपोशीट मानचित्र।

3– क्षतिपूरक वनीकरण हेतु प्रस्तावित गैर वन भूमि का हस्ताक्षरित जी0आे0 रेफरेंस मैप।

4– क्षतिपूरक वनीकरण हेतु प्रस्तावित गैर वन भूमि का के0एम0एल0 फाइल में पेनड्राइब सहित।

5– प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 लखनऊ एवं मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल का वांछित डी0एस0एस0 एनालसिस से सम्बन्धित प्रमाण पत्र।

6– प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा आरक्षित वन भूमि के सापेक्ष दी जाने वाली गैर वन भूमि के सम्बन्ध में शासन के पत्रांक वी0आई0पी0 23/14–2–2019–190जी./2018 दिनांक 28–6–2019 के कम में उप जिलाधिकारी/वन बन्दोवस्त अधिकारी एवं प्रभागीय वनाधिकारी का प्रमाण पत्र।

7– मार्ग में प्रभावित वन भूमि के गाटाओं का गजट नोटीफिकेशन में चिन्हांकित नहीं किया गया है।

उपरोक्त अभिलेखों को पूर्ण कर पूर्ण प्रस्ताव तैयार किये जाने हेतु प्रस्ताव मूल में वापस किया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करें।

उपरोक्तानुसार वांछित अभिलेखों को संलग्न कर पूर्ण प्रस्ताव इस कार्यालय को न उपलब्ध करायें जाने के कारण अग्रेतर कार्यवाही सम्भव नही हो पा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रभागीय वनाधिकारी, मिर्जापुर वन प्रभाग, मिर्जापुर से उपरोक्त वांछित अभिलेख प्राप्त कर प्रस्ताव के साथ सलंग्नकर पॉच प्रतियों में उपलब्ध कराये ताकि अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय

(अरविन्द कुमार यादव)
प्रभागीय वनाधिकारी
कैमूर वन्य जीव प्रभाग मीरजापुर।

संख्या– 1930 /33-1 समदिनांक।

प्रतिलिपिः–प्रभागीय वनाधिकारी, मिर्जापुर वन प्रभाग, मिर्जापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अरविन्द कुमार यादव)
प्रभागीय वनाधिकारी
कैमूर वन्य जीव प्रभाग मीरजापुर।



r4